आईआईएम रायपुर में 100 फीसदी प्लेसमेंट

एक छात्र को मिला सर्वाधिक 42 लाख का पैकेज

10 फीसदी विद्यार्थियों को 25 लाख सालाना का पैकेज

औसत वेतन पैकेज 17.73 लाख रुपए प्रतिवर्ष

110 से अधिक नियोक्ता आए कैम्पस में

■ नवभारत ब्यूरो। रायपुर.
www.navabharat.news

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर ने पीजीपी 2020-22 बैच के लिए अंतिम प्लेसमेंट पूरा किया. 100 फीसदी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट मिला. बैच के लिए औसत वेतन पैकेज 17.73 लाख रुपए प्रतिवर्ष (सीटीसी) रहा. शीर्ष 10 फीसदी विद्यार्थियों को 25 लाख रुपए प्रतिवर्ष से अधिक और शीर्ष 50 प्रतिशत को 21 लाख रुपए प्रतिवर्ष से अधिक का औसत सीटीसी प्राप्त हुआ है. सर्वाधिक पैकेज 42.15 लाख रुपए प्रतिवर्ष का मिला है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 40% की वृद्धि है.

REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA

252 विद्यार्थियों के लिए आए 110 नियोक्ता

आईआईएम प्रबंधन के अनुसार 252 विद्यार्थियों के बैच के लिए 110 से अधिक नियोक्ताओं ने कैंपस नियुक्ति प्रक्रिया में भाग लिया. छात्रों को वित्त, बिक्री और विपणन, रणनीति और परामर्श, संचालन, सामान्य प्रबंधन और मानव ■ शेष पेज 2 पर

Navbharat, 14th April 2022,p. 1 (Rajdhani)

आईआईएम रायपुर में 100 फीसदी प्लेसमेंट

संसाधन के क्षेत्रों में विभिन्न प्रतिष्ठित भूमिकाओं की पेशकश की गई. बैच के लिए औसत वेतन पैकेज 17.73 लाख रुपए प्रतिवर्ष रहा जो कि 17 प्रतिशत की वृद्धि बताई जा रही है. आईआईएम प्रबंधन का कहना है कि टॉप 25 पर्सेंटाइल छात्रों के लिए औसत प्लेसमेंट पैकेज 24 लाख रुपए प्रतिवर्ष एक और उल्लेखनीय उपलब्धि है. **इन क्षेत्रों में मिली नियुक्ति** - आईआईएम के अनुसार रणनीति और परामर्श क्षेत्र में सबसे अधिक छात्रों की नियुक्ति की गई, जिनका औसत वेतन और अधिकतम वेतन क्रमशः 18.37 एलपीए और 32.21 एलपीए था. आईटी / आईटीईएस 17.74 एलपीए औसत और 42.15 एलपीए पर अधिकतम वेतन के साथ दूसरा सबसे बड़ा नियुक्ति क्षेत्र था. बीएफएसआई सेक्टर 18.19 एलपीए और 23.5 एलपीए औसत और अधिकतम पैकेज के साथ तीसरा सबसे बड़ा रिक्रूटर रहा. जबकि नियुक्ति करने वालों का सबसे मजबूत समूह एनालिटिक्स और कंसल्टिंग के प्रमुख क्षेत्र से आए, जो 18.15 एलपीए के औसत वेतन और उच्च अंत पर 32.21 एलपीए की पेशकश की गई. **प्लेसमेंट रिकॉर्ड में लगातार सुधार** - पिछले पांच वर्षों में आईआईएम रायपुर के प्लेसमेंट रिकॉर्ड में लगातार सुधार हुआ है. विद्यार्थियों को बैंकिंग वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्र, विनिर्माण, आईटी / आईटीईएस, विश्लेषिकी, शिक्षा, विज्ञापन और स्वास्थ्य सेवा के साथ सभी क्षेत्रों से अच्छे ऑफर मिले. कैंपस प्लेसमेंट के लिए मार्केटिंग 17.48 एलपीए के औसत वेतन और 31.90 एलपीए के उच्चतम वेतन के साथ दूसरे स्थान पर रहा.

Navbharat, 14th April 2022,p. 2 (Rajdhani)